कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची
संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008
e.mail- daoranchi1@gmail.com

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2024) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचनाः–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची द्वारा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2024) के अवसर पर मोराबादी मैदान, राँची में आयोजित समारोह में झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिसका विषय **''समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना –सह– कृषक पाठशाला''** (राज्य में कृषक पाठशाला से होनेवाले लाभ के उद्देश्य पर केन्द्रित झांकी)।

प्रदर्शन हेतु झांकी का आकार (संभावित)– 13.6m x 2.45m x 3.25 (L x W x H)

उपरोक्त क्रम में झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मो/संस्थानों/निर्माताओं से बंद लिफाफे में निविदा निम्न शर्त्तों के साथ आमंत्रित की जाती है :–

1. निविदा (दो लिफाफा व्यवस्था) अंतर्गत दो लिफाफों क्रमशः भाग–01 तकनीकी बीड एवं भाग–02 वित्तीय बीड एक अन्य लिफाफे में समुचित तरीके से बंद रहेंगे। लिफाफों के उपर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड स्पष्टतः लिखा होना चाहिए।
2. **भाग–01 तकनीकी बीड लिफाफा–** तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर पुनः दो बंद लिफाफे होंगे जिसमें

   (क) **प्रथम लिफ़ाफा** (उपर 'तकनीकी अभिलेख' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए) में निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगा :–

   क. फर्म का नाम एवं पूरा पता

   ख. निबंधन संख्या

   ग. पैन नं0

   ध. जी0एस0टी0 नं0

   ड़. नोटरी पब्लिक से काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित शपथ पत्र

   च. गत् वित्तीय वर्ष का संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव

   छ. आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्षों 2020–2021, 2021–2022, 2022–23, अर्थात् एसेसमेन्ट वर्ष 2021–2022, 2022–2023, 2023–2024)

   ज. रु0 10,000.00 (दस हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट जिला कृषि पदाधिकारी, राँची (District Agriculture Officer, Ranchi) Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10/1/2024

(ख) **द्वितीय लिफाफा** (उपर 'क्रिएटिव–स्क्रिप्ट एवं डिजाईन' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए) में संबंधित प्रत्येक विषय वस्तु/थीम से संबंधित तीन (03) क्रिएटिव–स्क्रिप्ट सह झांकी का डिजाईन प्रारुप उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3. **भाग–02 वित्तीय बीड लिफाफा** – प्रत्येक थीम/विषय के झांकी हेतु अलग–अलग दर (सभी करों सहित) स्पष्टतः शब्दों में भी अंकित रहना चाहिए।
4. तकनीकी शर्तों में सफल निविदादाता का ही 'क्रिएटिव–स्क्रिप्ट एवं डिजाईन' संबंधित लिफाफा खोला जायेगा तथा क्रिएटिव स्तर पर सफल होने के उपरांत ही सफल निविदादाता वित्तीय बीड खोला जायेगा।
5. झांकी की थीम/विषय के अनुसार झांकी के साथ पर्याप्त एवं निर्धारित कलाकारो की भागीदारी निविदादाता/झांकी निर्माता द्वारा सुनिश्चित कराई जायेगी जिसका बजट भी झांकी निर्माता के बजट के अंतर्गत ही होगा तथा इस हेतु कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।
6. (क) इच्छुक एवं अनुभवी फर्म/संस्थान/निर्माता दिनांक 18.01.2024 समय 11:00 बजे तक निविदा समर्पित कर सकते है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहण 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

   (ख) निविदा समर्पित करने/निविदा निस्तारण का स्थान – कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008।
7. निविदा को किसी कारणवश किसी भी समय रद्द/परिवर्तित करने का सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

10/1/2024

जिला कृषि पदाधिकारी,
राँची।